हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 16 सितंबर 2026

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 17 वर्ष की राष्ट्रसेवा के बाद गांव लौटे सेना के...



12 शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की



खबर संक्षेप

जिले और भाटापारा में रक्तदान शिविर कल

बलौदाबाजार। जिले में आगामी 17 सितंबर से 'सेवा संकल्प अभियान' की शुरुआत होने जा रही है। अभियान के शुभारंभ दिवस पर स्वास्थ्य विभाग बलौदाबाजार द्वारा जिले में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि यह रक्तदान शिविर जिला अस्पताल बलौदाबाजार और सिविल अस्पताल भाटापारा में एक साथ आयोजित किया जाएगा, जहां सुबह से ही नागरिक और युवा रक्तदान कर सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने शिविर के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के नागरिकों, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवी संस्थाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करें। रक्तदान से न केवल आपातकालीन स्थिति में मरीजों, दुर्घटना पीड़ितों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों की जान बचाई जा सकेगी, बल्कि यह समाज में सेवा भाव को भी सुदृढ़ करेगा।

गांजा के साथ ओडिशा के दो तस्कर गिरफ्तार

रायपुर। एंटी नारकोटिक्स तथा टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ओडिशा के दो तस्करों के कब्जे से 18 किलो गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी के आरोप में पुलिस ने ओडिशा, नुआपाड़ा निवासी मंगल तथा भीमराज तांडी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बस से गांजा तस्करी कर लाए थे और पुलिस से बचने लालपुर ओवरब्रिज के नीचे ग्राहक के आने का इंतजार कर रहे थे।

ड्रंक एंड ड्राइव पर पुलिस की कार्रवाई

रायपुर। गणेशोत्सव के दौरान शहर में सुचारू एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थानों पर शांति, कानून-व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र कायम रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा रविवार को शहर के नौ प्रमुख चौक-चौराहों में नाकेबंदी कर ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया। ब्रीथ एनॉलॉइजर से जांच में 21 वाहन चालक नशे की हालत में पाए गए। कार्रवाई में 15 कार, 2 टाटा एस पिकअप, 1 टैंकर, 1 ई-रिक्शा एवं 2 दोपहिया वाहन के चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए।

30 पौवा शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

रायपुर। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 30 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त की है। शराब बिक्री करने के आरोप में पुलिस ने ईदगाहभाठा निवासी छगन मरावी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब कोचिया को घेराबंदी कर गांधी मैदान चौक के पास से गिरफ्तार किया।

बुनियादी सुविधाओं की मांग : रेलवे गुड्स शेड में 350 हमाल ने किया काम ठप्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

लोडिंग-अनलोडिंग का काम बंद कर रेल प्रशासन के खिलाफ जताया विरोध

रेलवे गुड्स शेड हमाल संघ ने गुड्स शेड साईड मे मूलभूत सुविधाओं को पूरी किए जाने की मांग को लेकर साईड मे काम करने वाले लगभग 350 हमाल मजदूरों ने हडताल कर लोडिंग अनलोडिंग का काम बंद कर दिया। हमाल मजदूरों की मांग है कि गुड्स शेड साईड में शेड का निर्माण कराया जाए वहीं पेयजल, सायकल स्टैंड, शौचालय का निर्माण कराया जाय आदि मांगे उनकी प्रमुख है मजदूरों के द्वारा काम बंद किये जाने के बाद रेल्वे के अधिकारी मौके पर पहुंचा और हमाल संघ से बातचीत कर उन्हे आश्वासन दिया इसके बाद मजदूरों ने काम शुरू किया लेकिन संघ के लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस बार उनकी मांगों पर ठोस कार्यवाही नहीं होती है तो उनके द्वारा अनिश्चितकालीन काम बंद किया जायेगा ज्ञात हो कि इसके पूर्व जून माह में भी मजदूरों द्वारा शेड आदि की मांग को लेकर हड़ताल किये थे। उस समय स्टेशन मैनेजर अजय कुमार, गुड्स शेड हमाल संघ के सरंक्षक राधेश्याम शर्मा (फग्गा महराज) की समझाईश के बाद हडताल वापस लिया गया था। इस संबंध में संघ के लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी बरसात में उन्हे काम करना पडता है उनके लिए छाया और पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं है। वहीं शौचालय भी नहीं है। वहीं महिलाओं के लिए अलग ▶▶ शेष पेज 11 पर



संरक्षक ने दी अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

इस संबंध मे रेलवे गुड्स हमाल संघ के संरक्षक राधेश्याम शर्मा (फग्गा महराज) का कहना है कि 20 वर्षों से सुविधाओं की मांग कर रहे हैं इसके पूर्व भी धरना और काम बंद किया गया था लेकिन आश्वासन के बाद काम शुरू कर दिया गया। उन्होंने कहा कि कुछ महिनों के भीतर मांगे पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन काम बंद करने का निर्णय लेगा मजदूरों का सवाल है कि जब गुड्स शेड मे रोजाना सैकड़ों श्रमिक मेहनत कर रेलवे के काम को आगे बढ़ा रहे हैं तो उनके छांव पानी, शौचालय, पार्किंग जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में आखिर इतना समय क्यों लग रहा है। इस बार काम बंद कर संकेत दिया है कि अब केवल आश्वासन से बात नहीं बनेगी।

सियासत : गौरीशंकर अग्रवाल ने नवप्रवेशी सदस्यों का किया स्वागत

जिपं सदस्य प्रेमलता और सरपंच बालेश्वर ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

कसडोल क्षेत्र में भाजपा ने संगठन विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

रायपुर स्थित स्वर्णभूमि में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल के निवास पर आयोजित सादे कार्यक्रम में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 की सदस्य प्रेमलता वैष्णव, ग्राम पंचायत देवरीकला के सरपंच बालेश्वर वैष्णव सहित उनके समर्थकों ने भाजपा में औपचारिक प्रवेश किया। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने सभी नवप्रवेशी सदस्यों को केसरिया गमछा पहनाकर भाजपा परिवार में स्वागत किया।

जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता वैष्णव एवं सरपंच बालेश्वर वैष्णव के नेतृत्व में क्षेत्र के कई ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। पार्टी में प्रवेश के बाद दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास को गति देने और जनता की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से भाजपा में शामिल हुए हैं।

इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामचंद्र ध्रुव एवं भाजपा कसडोल मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे। वहीं कटगी मंडल अध्यक्ष अजीव जायसवाल ने दूरभाष के माध्यम से नवप्रवेशी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उनके भाजपा में शामिल होने का स्वागत किया।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों के भाजपा में आने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इनके अनुभव और सक्रिय सहभागिता से क्षेत्र में विकास कार्यों को मजबूती मिलेगी तथा संगठन का जनाधार और अधिक व्यापक होगा।





बड़ी संख्या में समर्थक रहे मौजूद

कार्यक्रम में सरपंचों, सामाजिक पदाधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गायत्री यशवंत जाटवर, दुर्गा ओमप्रकाश वर्मा, संतोष ध्रुव, रामकुमार चौहान, पूजा निर्मल कमलवंशी, दिलहरण जायसवाल, दिलहरण मिरी, रजनी राजेंद्र, यशोदा पटेल, गोरेलाल पैकरा, महेशराम यादव, रामदयाल पैकरा, कृष्ण कुमार वर्मा, मोहनलाल साहू, पीयूष पैकरा, प्रताप पैकरा, चैनसिंह पैकरा, बाबूलाल कैवर्ट, नैनसिंह यादव, संतोष चौहान, अजय यादव, बिहारीलाल जायसवाल, रामाधर कैवर्त, कोदूराम जांगड़े, मनीराम घृतलहरे, आनंद पैकरा, सत्यनारायण जायसवाल, तुलसी पैकरा, आधार पैकरा, ननकीराम कैवर्त, बट्टूलाल पैकरा, हेमंत यादव, घनश्याम कैवर्त, महेशकुमार पैकरा, राममिलन टंडन, परमेश्वर साहू, रामप्रसाद पैकरा, यशवंत कुमार, रामनिवास पैकरा एवं शिवकुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समर्थक मौजूद रहे।

गणेश पर्व में हुड़दंग व शांति भंग करने वाले तीन असामाजिक तत्व गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा-नेवरा

गणेश पर्व के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तिल्दा-नेवरा पुलिस द्वारा असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने विवाद और लड़ाई-झगड़े के जरिए शांति भंग करने वाले तीन लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार गणेश पर्व के मद्देनजर थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में सतत भ्रमण किया जा रहा है। इसी दौरान थाना तिल्दा-नेवरा के सामने आम रोड तथा ग्राम किरना में विवाद और लड़ाई-झगड़े की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पवन कुमार ध्रुव वार्ड क्रमांक 15, दीनदयाल चौक, तिल्दा। हीरालाल नवरंगे वार्ड क्रमांक 02, प्राथमिक शाला के पीछे, ग्राम सांकरा। उमेश कुमार वर्मा ग्राम किरना। सभी थाना तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर क्षेत्र के निवासी हैं। त्योहार में हुड़दंग करने वालों को पुलिस का स्पष्ट संदेशपुलिस ने स्पष्ट किया है कि गणेश पर्व और ▶▶ शेष पेज 11 पर

प्रतिबंधात्मक धारा के तहत तीन गिरफ्तार

पुलिस ने संबंधित लोगों को समझाइश देकर विवाद शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन समझाइश के बावजूद वे उग्र होकर मारपीट करने पर आमादा हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल प्रतिबंधात्मक धारा 170 बीएनएसएस के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अनुविभागीय दंडाधिकारी न्यायालय, तिल्दा-नेवरा के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने के बाद तीनों को जेल निरुद्ध कर दिया गया।

अवैध गतिविधियों पर शिकंजा: तड़के 6 संदिग्ध ठिकानों पर ली गई तलाशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- जिला पुलिस का एक्शन, संदिग्ध गतिविधियों की जांच की

जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने मंगलवार तड़के शहर के संवेदनशील इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने भैंसापसरा, दशरमा रोड और इंदिरा कॉलोनी क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त करते हुए संदिग्ध गतिविधियों की जांच की।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने चिन्हित 6 संदिग्ध मकानों एवं स्थानों पर आकस्मिक दबिश देकर गहन तलाशी ली। पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य अवैध देशी-विदेशी शराब की बिक्री पर रोक लगाना, कबाड़ के रूप ▶▶ शेष पेज 11 पर



चाकू लहराकर राहगीरों में दहशत फैलाने वाले दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा-नेवरा

गणेश पर्व के दौरान सार्वजनिक स्थान पर धारदार चाकू लेकर राहगीरों को डराने-धमकाने और भय का माहौल पैदा करने वाले दो युवकों को तिल्दा-नेवरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो धारदार चाकू और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, गणेश पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक और आपराधिक तत्वों पर निगरानी बढ़ाई गई है। इसी अभियान के तहत पुलिस टीम को सूचना मिली कि ग्राम तुलसी के साईं धाम रोड और सिंचाई कॉलोनी तुलसी क्षेत्र में दो युवक धारदार चाकू लेकर सार्वजनिक स्थान पर घूम रहे हैं और राहगीरों को भयभीत कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से दो धारदार चाकू बरामद किए गए। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04-पीटी-3328 भी जब्त की है। पुलिस ने आरोपी साहिल ध्रुव उर्फ लक्की (18) पिता गैंदराम ध्रुव, निवासी वार्ड क्रमांक 14 केवतरा, थाना खरोरा, जिला ▶▶ शेष पेज 11 पर



चैंबर ने व्यापारियों और सब्जी विक्रेताओं को बांटे चिल्लर सिक्के



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- स्टेट बैंक के सहयोग से 1, 2, 10 और 20 रुपए के सिक्कों की कराई व्यवस्था

बाजार में चिल्लर की कमी से व्यापारियों और ग्राहकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने पहल करते हुए व्यापारियों एवं सब्जी विक्रेताओं को चिल्लर उपलब्ध कराया। चैंबर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बाजार क्षेत्र में दुकानों तक पहुंचकर आवश्यकतानुसार सिक्कों का वितरण किया। चिल्लर की व्यवस्था के लिए भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से 1, 2, 10 और 20 मूल्यवर्ग के सिक्के उपलब्ध कराए गए। चैंबर सदस्यों ने कपड़ा, मेडिकल, सराफा सहित विभिन्न व्यापारियों और सब्जी विक्रेताओं तक पहुंचकर ▶▶ शेष पेज 11 पर

सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर को, घर-घर वितरण शुरू

जिले में जलेगा आशीर्वाद का दीया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 17 सितंबर से 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में 17 सितंबर की संध्या 7 बजे पूरे जिले में ग्रामीण और शहरी स्तर पर एक साथ दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दीया वितरण का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। बलौदाबाजार स्थित चौपाटी (तालाब परिसर) में मुख्य आयोजन होगा। यहाँ तालाब के चारों ओर दीप प्रज्वलन के लिए अलग-अलग सेक्टर गठित किए गए हैं। सभी जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों के साथ-साथ शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों के घरों में भी सामूहिक रूप से दीये जलाए जाएंगे। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बताया कि इस पहल को जन-जन तक पहुँचाने के लिए गाँवों में मुनादी कराई जा रही है, ताकि हर नागरिक इस अभियान का हिस्सा बन सके।गाँव से लेकर शहर तक 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं और ग्रामीणों के बीच दीयों का वितरण निर्बाध रूप से जारी है।



छह वार्डों के विकास में भेदभाव का आरोप, पार्षदों की भूख हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



- त्योहारी सीजन और अपरिहार्य कारणों के चलते 16 सितंबर का प्रस्तावित आंदोलन टाला

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में अधोसंरचना विकास कार्यों को लेकर छह वार्डों के साथ कथित भेदभाव के विरोध में कांग्रेस पार्षदों द्वारा 16 सितंबर को प्रस्तावित भूख हड़ताल अब स्थगित कर दी गई है। कांग्रेस पार्षदों ने सर्वसम्मति से वर्तमान परिस्थितियों, त्योहारी सीजन एवं अपरिहार्य कारणों को ध्यान में रखते हुए आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 01, 04, 11, 15, 17 एवं 20 में विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 11 पर

वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए लिया निर्णय

कांग्रेस पार्षदों की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, त्योहारी सीजन एवं अपरिहार्य कारणों के चलते 16 सितंबर को प्रस्तावित भूख हड़ताल को सर्वसम्मति से स्थगित किया गया है। आंदोलन स्थगित करने का निर्णय वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर लिया गया है।

576 स्कोर वाले को मिली जेएनएम की सीट, 178 पर एनआरआई कोटा, आज से प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

2096 अभ्यर्थियों को सीटों का आवंटन, अंतिम एडमिशन 22 सितंबर तक

नीट एग्जाम में स्टेट में 576 रैंक हासिल करने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी को शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर की सीट आवंटित की गई है। वहीं निजी मेडिकल कालेज में 178 स्कोर वाले को अप्रवासी भारतीय कोटे से एडमिशन का मौका मिला है।

स्क्रूटनी और प्रवेश की प्रक्रिया 16 से 22 सितंबर तक पूरी की जाएगी। दूसरे राउंड में 2096 लोगों की आवंटन सूची जारी की गई है, जबकि मेरिट लिस्ट में 7179 लोगों के नाम शामिल थे। ऑल इंडिया कोटे से एडमिशन लेने की वजह से राज्य कोटे की सीट छोड़ने के बाद दूसरे राउंड में एडमिशन के लिए 1304 के बजाय 1309 सीटें रिक्त बची थीं। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सोमवार को सीटों का आवंटन कर दिया। इसमें चिकित्सा छात्रों के बीच आकर्षण का केंद्र रहने वाले शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय



रायपुर में सामान्य वर्ग के 576 स्कोर बनाने वाले को प्रवेश का मौका दिया गया है। इसी तरह सिम्स बिलासपुर में अंतिम आवंटन 563, राजनांदगांव के शासकीय मेडिकल कालेज में 558 तथा रायगढ़ में 530 स्कोर वाले को सीट आवंटित की गई है। सबसे खास बात यह रही कि निजी मेडिकल कालेजों में एनआरआई कोटे की अंतिम सीट पर 178 स्कोर वाले अभ्यर्थी को प्रवेश का मौका दिया गया। एमबीबीएस की तमाम सीटों के साथ शासकीय और निजी डेंटल कालेजों की रिक्त सीटों का आवंटन भी कर दिया गया है। दूसरे राउंड में आवंटित सीट में प्रवेश लेना अनिवार्य है, ऐसा नहीं करने पर अभ्यर्थियों की पंजीयन राशि जब्त की जाएगी। इस आवंटन के बाद शासकीय मेडिकल और डेंटल कालेजों की लगभग सभी सीटें भर जाने की उम्मीद है। निजी संस्थानों में सीटें बचने पर मॉपअप राउंड का आयोजन किया जाएगा।

वेबसाइट हो गई एरर...

दूसरे राउंड की आवंटन लिस्ट जारी होने के बाद चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की वेबसाइट में एरर की समस्या आ गई। साइट ओपन होने के बाद आवंटन लिस्ट अथवा अन्य जानकारी डाउनलोड करने में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं काउंसिलिंग से जुड़े चिकित्सकों को इसकी जानकारी दी गई, मगर समस्या का समाधान देर रात तक नहीं हो पाया।

डेंटल की 446 सीटें बाकी

एमबीबीएस के अलावा डेंटल कालेजों की बीडीएस की 446 सीटों का आवंटन दूसरे राउंड में किया गया है। यहां शासकीय कालेज की सीटें पूरी भरने की उम्मीद है, मगर निजी कालेजों के बकाया सीटों पर एडमिशन के लिए तीसरे दौर की काउंसिलिंग की जाएगी। राज्य में वर्तमान छह निजी और एक शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में बीडीएस की 700 सीटें हैं।

खबर संक्षेप



डिप्टी सीएम ने किया तीन सड़कों के लिए भूमिपूजन

रायपुर। वनांचल के गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड को बड़ी सौगात मिली है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम मुड़घुसरी में 1.48 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले तीन सड़क मार्गों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कुल 15.40 किमी लंबाई के इन सड़क मार्गों के निर्माण से बैगा बाहुल्य क्षेत्र के ग्रामीणों का आवागमन आसान होगा और शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार सहित अन्य जरूरी सेवाओं तक उनकी पहुंच बेहतर होगी। भूमिपूजन के अंतर्गत मुड़घुसरी से ठाकुरटोला मार्ग का 3.30 किलोमीटर, ठाकुरटोला से बांटीपथरा मार्ग का 4.00 किमी तथा सिंघारी से पांडातराई मार्ग का 8.40 किमी लंबाई में निर्माण किया जाएगा।

सेवा-संकल्प अभियान मंत्री ने ली वर्चुअल बैठक



रायपुर। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की जनसेवा और समर्पण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर वर्चुअल बैठक की। बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक एक माह चलने वाले अभियान के अंतर्गत 'कहानी सेवा की' थीम पर आधारित आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और तैयारियों पर चर्चा की गई। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के जनसेवा और समर्पण के संदेश को लोगों तक पहुंचाना हमारा दायित्व है।

भारतीय बौद्ध महासभा की बैठक में हुई चर्चा



रायपुर। भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज रत्न आंबेडकर के नेतृत्व में आज रविवार को जिला शाखा की बैठक पंचशील बौद्ध विहार, डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में हुई। बैठक में राज्य अध्यक्ष चंद्रमणि वाल्दे, सहसचिव माला गौतम सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ जिला शाखा के अध्यक्ष गजेंद्र डोंगरे, उपाध्यक्ष प्रणिता डोंगरे, सहसचिव वंदना मेश्राम, कोषाध्यक्ष अरुण डोंगरे, प्रोग्राम समन्वयक सुमित ओमप्रकाश देवगड़े, खिलेंद्र धावड़े एवं मीडिया समन्वयक आशीष रामटेके उपस्थित रहे।

पीएम मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष राष्ट्र और जनसेवा को समर्पित किए

सेवा संकल्प अभियान- 17 सितंबर की शाम हर घर में 'आशीर्वाद का दीया' जलाने सीएम का आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' से पूरे उत्साह और आत्मीयता के साथ जुड़ने की अपील की है। प्रदेशवासियों के नाम जारी अपनी अपील में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष राष्ट्र और जनसेवा को समर्पित किए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर के परिप्रेक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे देश में 'सेवा संकल्प अभियान' आयोजित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सेवा छत्तीसगढ़ की संस्कृति और संस्कारों का अभिन्न हिस्सा है। प्रदेश का प्रत्येक नागरिक अपनी सहभागिता से इस अभियान को जनसेवा और जनभागीदारी का व्यापक उत्सव बनाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान सेवा के भाव को जन-जन तक पहुंचाने और समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को सहभागिता के साथ निभाने का अवसर है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे अपने गांव, शहर और आसपास स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जरूरतमंदों की सहायता और जनसेवा से जुड़े कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा अधिक से अधिक लोगों को भी इस अभियान से जोड़ें।

लाखों परिवारों के जीवन में लाया बदलाव

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण और विकास की योजनाओं ने लाखों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। पक्का आवास, स्वच्छ पेयजल, बिजली, सड़क, बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ है। विकास की प्रत्येक उपलब्धि के केंद्र में आम नागरिकों के पूरे होते सपने, उनका बढ़ता आत्मविश्वास और जीवन में आती खुशहाली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश ने गरीब कल्याण और विकास को जनभागीदारी से जोड़ते हुए आगे बढ़ने की नई ऊर्जा प्राप्त की है। इसी भावना के अनुरूप सेवा संकल्प अभियान के दौरान समाज का प्रत्येक वर्ग अपनी क्षमता के अनुसार सेवा का कोई न कोई कार्य करे। जब सेवा का भाव जनभागीदारी से जुड़ता है, तभी वह समाज में व्यापक और स्थायी परिवर्तन का माध्यम बनता है।

सामूहिक संकल्प को और मजबूत करने का अवसर

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ अपनी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित है। विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब हमारे गांव विकसित हों, शहर आगे बढ़ें और प्रत्येक परिवार विकास की मुख्यधारा से जुड़े। सेवा संकल्प अभियान इस सामूहिक संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि आइए, हम सभी मिलकर 'सेवा संकल्प अभियान' को छत्तीसगढ़ में जनभागीदारी का उत्सव बनाएं। सेवा और जनकल्याण के कार्यों से जुड़कर विकसित भारत के निर्माण में विकसित छत्तीसगढ़ की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करें।

चिकित्सा एवं पैरामेडिकल शिक्षा को निजी हाथों में सौंपना गलत निर्णय : डॉ. महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ राज्यपाल को पत्र लिखकर नेता प्रतिपक्ष ने तत्काल रोक लगाने की मांग

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा और पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों को आयुष विश्वविद्यालय के नियंत्रण से मुक्त कर निजी विश्वविद्यालय को सौंपने की चल रही कवायद पर कड़ा ऐतराज जताया है।

डॉ. महंत ने इस मामले में राज्यपाल को पत्र प्रेषित कर व्यापक जनहित और लाखों छात्रों के भविष्य को देखते हुए इस प्रक्रिया को तुरंत निरस्त करने का आग्रह किया है। डॉ. महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विगत 26 वर्षों से चिकित्सा, पैरामेडिकल सहित अन्य तकनीकी पाठ्यक्रम आयुष विश्वविद्यालय अधिनियम 2008 एवं तकनीकी विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत पूरी पारदर्शिता, विश्वसनीयता और उच्च गुणवत्ता के साथ संचालित हो रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश के लगभग 5 लाख युवा इन पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

इन बिंदुओं पर असहमति

कार्यपरिषद के विरोध की अनदेखी- आयुष विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद ने पहले ही चिकित्सा और पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों को निजी विश्वविद्यालयों को सौंपने के प्रस्ताव पर अपनी स्पष्ट असहमति दर्ज कराई है। इसके बावजूद शासन स्तर पर इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना संदेहास्पद और अनुचित है। इन पाठ्यक्रमों के निजीकरण से उच्च शिक्षा अत्यधिक महंगी होगी। आर्थिक रूप से कमजोर, ग्रामीण और वंचित वर्ग के होनहार विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करना असंभव हो जाएगा तथा सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को ठेस पहुंचेगी। द्विस्तरीय व्यवस्था से विश्वसनीयता को खतरा- स्थापित और सुचारू व्यवस्था में अनावश्यक बदलाव कर द्विस्तरीय प्रणाली लागू करने से राज्य की चिकित्सा शिक्षा प्रणाली, परीक्षाओं की शुचिता और डिग्री की साख पर गंभीर सवाल खड़े होंगे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि वे इस संवेदनशील मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को इस कार्यवाही को तत्काल रोकने तथा वर्तमान पारदर्शी एवं जनहितैषी व्यवस्था को ही यथावत निरंतर रखने हेतु निर्देशित करें।

बैज बोले- पीएससी ने एक ही प्रश्न के सही और गलत उत्तर देने वाले को दिए बराबर नंबर

कांग्रेस ने लगाया परीक्षा और साक्षात्कार में गड़बड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वादा किया था कि हम यूपीएससी की तर्ज पर पीएससी की परीक्षा कराएंगे, लेकिन पिछले दो बार से पीएससी की परीक्षाओं में गड़बड़ियां हो रही हैं। पीएससी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रहा है। एक ही प्रश्न के सही और गलत उत्तर देने वाले को बराबर नंबर दिए गए हैं। कहीं गलत जवाब वाले को ज्यादा नंबर भी दिए गए हैं।

श्री बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया, 2025 में पीएससी के द्वारा कुल 265 पद निकाले गए। मुख्य परीक्षा में कुल पद के तीन गुना लोग उत्तीर्ण होकर साक्षात्कार में आते यानी 265 x 3 = 795 इंटरव्यू में आने चाहिए, लेकिन 608 लोग ही उत्तीर्ण इंटरव्यू में पहुंचे। इनका तर्क है कि 187 बच्चे न्यूनतम नंबर नहीं ला पाए। आयोग साबित करे कि 187 बच्चे न्यूनतम नंबर नहीं लाए। बच्चों का दावा है कि हमारा न्यूनतम नंबर तो आया ही होगा। आयोग इंटरव्यू के पहले सभी बच्चों को कॉपी उपलब्ध कराए। 2024 की मुख्य परीक्षा में कॉपी जांचने में गड़बड़ी हुई है।

हमारी मांगें

सरकार मामले के निराकरण तक इंटरव्यू स्थगित करे। अभ्यर्थियों की मांग के अनुसार सभी की उत्तर-पुस्तिकाएं साक्षात्कार के पहले सार्वजनिक की जाएं, ताकि सभी अभ्यर्थियों को यह पता लगे कि उनकी कॉपियां सही जांची गई हैं। जो लोग इंटरव्यू के लिए चयनित हुए हैं, उनके अतिरिक्त शेष सभी अभ्यर्थियों की कॉपियां अभ्यर्थियों को निशुल्क उपलब्ध कराई जाएं। उत्तर-पुस्तिका जांचने के लिए मूल्यांकनकर्ताओं का मानदंड तय किया जाए तथा पीएससी मुख्य परीक्षा के लिए मॉडल उत्तर जारी करें। आयोग सभी अभ्यर्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन करे एवं साक्षात्कार के लिए 1:3 का पालन करे।

मूल्यांकन में गड़बड़ी

श्री बैज ने बताया, पिछली परीक्षा 2024 के दो अभ्यर्थियों की कॉपियां सामने हैं, जिसमें मूल्यांकन में गड़बड़ी सामने है। प्रश्न क्रमांक 5(i)(a), (b) में दोनों के उत्तर सही व समान है, लेकिन प्रथम वाले छात्र को 2 में से 0 अंक एवं दूसरे छात्र को 2 में 2 अंक दिए गए हैं। राजिम भक्तिन माता तेलीन वाले उत्तर में प्रथम छात्र को सही लिखने पर 8 में 3.5 अंक, जबकि दूसरे छात्र ने गलत उत्तर (कोण्डागांव व आदिवासी समाज की देवी) लिखा है, लेकिन उन्हें 1.5 अंक मिले। जबकि इसमें इनको शून्य नंबर मिलना चाहिए। छत्तीसगढ़ में होमरूल लीग की स्थापना- प्रथम छात्र ने होमरूल लीग का सही उत्तर लिखा, जिसे 4 में 2.5 अंक मिले, जबकि दूसरे छात्र ने होमरूल लीग को वर्ष 1923 एवं स्वराज दल का उत्तर लिखा, जो पूरी तरह से गलत है, उसे भी 2.5 अंक मिले। सही और गलत को बराबर नंबर दिए गए हैं। घरेलू हिंसा से व्यथित व्यक्ति- इस उत्तर में प्रथम व्यक्ति ने व्यथित व्यक्ति पुरुष को बताया, जो गलत है व उसे 2 में 0.5 अंक मिला, जबकि दूसरे छात्र ने सही उत्तर दिया, उसे भी 0.5 अंक मिला। सही, गलत को बराबर नंबर दिया है। बौद्ध धर्म में महाभिनिष्क्रमण- महाभिनिष्क्रमण का दोनों छात्रों ने सही उत्तर लिखा। एक छात्र को 2 में 0.5 अंक, जबकि दूसरे छात्र को 2 में 1.5 अंक मिला। पिछली बार 2024 में पीएससी अध्यक्ष रीता शांडिल्य के रहते गड़बड़ी हुई थी, 2025 में उनकी ही अध्यक्षता में गड़बड़ी हुई। 2024 में पीएससी परीक्षा में उत्तरपुस्तिका की जांच अपात्र स्कूली शिक्षकों (शिक्षक एलबी) से कराई गई। यही नहीं, मूल्यांकनकर्ताओं का नाम और नंबर भी सार्वजनिक हुआ था, जो बेहद आपत्तिजनक है। भर्ती परीक्षा की गोपनीयता भंग करने वालों को सजा देने के बजाय पुरस्कृत करते हुए रीता शांडिल्य को पीएससी के कार्यकारी अध्यक्ष से प्रमोट करते हुए अध्यक्ष बना दिया गया है। बेहद स्पष्ट है कि इन गड़बड़ियों को सरकार का संरक्षण है। राज्य सेवा परीक्षा 2024 में भी मुख्य परीक्षा के परिणाम के पश्चात साक्षात्कार के लिए 95 अभ्यर्थियों को कम लिया गया था। उस समय भी 1:3 का पालन नहीं किया गया था।

प्रेरणादायी आयोजनों पर अनर्गल प्रलाप करना कांग्रेस की कुंठित मानसिकता : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए इसे कांग्रेस की ओछी और दोहरी मानसिकता करार दिया है। डॉ. मिश्रा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में राष्ट्र और समाज सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत बच्चों के बौद्धिक, नैतिक और वैचारिक विकास से जुड़े रचनात्मक कार्यक्रमों पर कांग्रेस को पेटदर्द होना उसके मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है।

डॉ. मिश्रा ने कहा, बच्चों के भविष्य और शिक्षा पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले श्री बैज शायद अपना अतीत बहुत जल्दी भूल गए हैं। जून 2024 में ग्रीष्मकालीन अवकाश की समयसीमा बढ़वाने के नाम पर खुद श्री बैज मासूम स्कूली बच्चों को लेकर भीषण गर्मी और तपती धूप में सड़कों पर आंदोलन का तमाशा कर रहे थे। नौनिहालों का राजनीतिक स्वार्थ और ढाल के रूप में इस्तेमाल करना हमेशा से कांग्रेस का सबसे शर्मनाक चरित्र रहा है, और आज वही श्री बैज नैतिकता के नाम पर ज्ञान बांट रहे हैं।

डॉ. मिश्रा ने कहा, कांग्रेस के शासनकाल में भी स्कूलों में छात्र-छात्राओं के बौद्धिक, सांस्कृतिक और वैचारिक विकास के लिए ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम होते थे, तब क्या वह राजनीति थी? आज जब बच्चों को सेवाभाव, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों से परिचित कराया जा रहा है तो कांग्रेस इसे राजनीतिक दुष्प्रचार बताकर अपनी कुण्ठा जाहिर कर रही है। कांग्रेस नहीं चाहती कि प्रदेश की भावी पीढ़ी राष्ट्रसेवा और सकारात्मक विचारों से जुड़े।

विधायक पुरंदर मिश्रा ने गिनाईं अपने ढाई साल के कार्यकाल की उपलब्धियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपने ढाई साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया और बताया कि किस तरह से अपने क्षेत्र में सड़क, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, जल निकासी और नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में विकास के काम किए गए हैं। विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों के माध्यम से कुल 438 विकास कार्यों के लिए 1722.40 करोड़ की विभागीय समेकित राशि खर्च की जा रही है। इनमें 320 कार्य पूर्ण, 78 कार्य प्रगतिरत तथा 40 कार्य प्रारंभ होने वाले हैं।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री मिश्रा ने बताया, रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में सुगम आवागमन और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कई बड़ी परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। कचना-खम्हारडीह मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज ढाई वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल है। 39.44 करोड़ की लागत से निर्मित यह ओवरब्रिज पूर्ण हो चुका है तथा 22 मई 2026 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा लोकार्पित किया गया। जीई रोड पर गुरु तेगबहादुर उद्यान से नेताजी सुभाष चौक, तेलीबांधा (गुरुनानक चौक) तक 152.34 करोड़ के फ्लाईओवर का निर्माण,, खालसा स्कूल से पंडरी होते हुए मोवा थाना तक 564.98 करोड़ के फ्लाईओवर ब्रिज का प्रस्ताव प्रशासकीय स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता को प्रेषित किया गया है। शंकर नगर विधानसभा मार्ग के टर्निंग प्वाइंट पर 160.63 करोड़ के ग्रेड सेपरेटर का प्रस्ताव अधीक्षण अभियंता को प्रेषित किया गया है। मोवा अंडरपास से लभांडी होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-53 तक मार्ग निर्माण, जिसमें 6 ओवरब्रिज डबल डेकर ब्रिज का प्रावधान है, के लिए सर्वेक्षण एवं प्राक्कलन की प्रक्रिया जारी है। देवेंद्र नगर-मंडी गेट-कापा मार्ग पर वाल्टेयर लाइन में 55.79 करोड़ की लागत से अंडरब्रिज के लिए प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रमुख अभियंता को भेजा गया है।

सड़क निर्माण के भेजे प्रस्ताव

पंडरी साई मंदिर क्षेत्र, देवेंद्र नगर, एनआईसी कॉलोनी एवं गोल्डन होम्स क्षेत्र में 38.65 करोड़ के सड़क निर्माण कार्य का प्राक्कलन शासन को प्रेषित किया गया है। न्यू शांतिनगर, राजातालाब, शंकरनगर एवं राजीवनगर में 38.29 करोड़ के मार्ग निर्माण कार्यों का प्राक्कलन शासन को भेजा गया है। गायत्रीनगर, गीतांजली नगर एवं कविता नगर क्षेत्र में 40.59 करोड़ के मार्ग निर्माण कार्यों का प्राक्कलन शासन को प्रेषित किया गया है। लोक निर्माण विभाग से संबंधित 1295.71 करोड़ के काम हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को भी प्राथमिकता दी गई है। 700 बेड मेडिकल कॉलेज भवन एवं उपकरण व्यवस्था के लिए 376 करोड़ की परियोजना प्रक्रियाधीन है।

कांग्रेस के नेता माफिया बनकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर आरोप लगाया है कि एक तरफ राहुल गांधी देशभर में घूम-घूमकर 'मोहब्बत की दुकान', संविधान की दुहाई और छात्रहित की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ उनकी ही पार्टी के नेता और मंत्री भर्ती माफिया बनकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। श्री श्रीवास ने उत्तराखंड में वर्ष 2016 के दौरान कांग्रेस शासनकाल में हुए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी भर्ती घोटाले का जिक्र करते हुए कहा, सुरक्षित ओएमआर शीट को निजी एजेंसी को सौंपकर और खाली सीटों को भरकर लाखों युवाओं के सपनों पर पानी फेरा गया। श्री श्रीवास ने ईडी की कार्रवाई और बरामदगी की चर्चा करते हुए बताया कि 10 सितंबर को प्रवर्तन निदेशालय ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के तत्कालीन ओएसडी चंदन सिंह जीना के ठिकानों पर दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार किया।



राशन दुकानों में समय पर खाद्यान्न का भंडारण नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पीडीएस संघ ने कलेक्टर खाद्य सचिव से की शिकायत

उचित मूल्य की दुकानों में समय पर खाद्यान्न का भंडारण नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। कई बार दुकानदार और हितग्राहियों के बीच खाद्यान्न नहीं होने से विवाद की स्थिति भी बनती है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ पीडीएस संचालक संघ ने खाद्य विभाग की सचिव तथा कलेक्टर से शिकायत की है। संघ के अध्यक्ष नरेश बाफना ने बताया कि अगस्त माह में 26 तारीख तक चावल और शक्कर का भंडारण नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण नहीं किया जा सका। नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा खाद्यान्न भंडारण में लेटलतीफी की जाती है, जिसके कारण दुकानदारों के साथ हितग्राहियों को परेशान होना पड़ता है।



उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि ट्रांसपोर्ट नगर बिरगांव में संचालित ग्रेन एटीएम सेंटर में दिखावे के लिए नान के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से खाद्यान्न भेजा जा रहा है, जबकि इस क्षेत्र के आसपास सहित शहर में संचालित कई उचित मूल्य की दुकानों में भंडारण में कोताही बरती जा रही है। इस तरह भंडारण कराने में भी पक्षपात किया जा रहा है, जिससे खाद्यान्न वितरण को लेकर दुकानदारों की छवि खराब हो रही है। उन्होंने शिकायत पत्र के जरिए सभी दुकानों में समय पर भंडारण कराने की उचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

खबर संक्षेप

खेत के पास से बाइक चोरी

महासमुंद। फुटहा बांधा के पास नयापारा स्थित खेत के पास खड़ी बाइक चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड 12 पिटियाझर निवासी ओमप्रकाश साहू ने बताया कि वह 09 सितंबर को दोपहर 2 बजे को फुटहा बांधा के पास नयापारा महासमुंद के पास स्वयं के खेत में खाद डालने के लिए गया था। जहां से वापस आने के बाद देखा तो उसकी मोटर सायकल हीरो होंडा पैशन क्र. सीजी 06 ए 5038 नहीं थी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

महासमुंद। अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में कोमाखान पुलिस ने जांच के बाद आरोपी अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना के मर्ग क्रमांक 27/2026 धारा 194 BNSS के मृतक उमेंद कुमार पिता स्व नेतराम (43 साल) निवासी ग्राम देवरी वार्ड नंबर 06 थाना कोमाखान के मर्ग जांच की गई। मृतक के परिजनों ने पूछताछ के दौरान बताया कि 07 मार्च की सुबह करीबन 09.40 बजे मृतक उमेंद कुमार अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचबी 7327 को लेकर घर से निकला था। करीबन 10.00 बजे देवरी खेमड़ रोड होली सार के पास अज्ञात ट्रैक्टर के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उमेंद कुमार के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

गणेश चतुर्थी पर नगर पालिका कार्यालय में हुई पूजा-अर्चना

महासमुंद। गणेश चतुर्थी पर नगर पालिका कार्यालय के उपाध्यक्ष कक्ष में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ पूजा की गई। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, महेंद्र सिका, अग्रज शर्मा, पीयूष साहू, हनीश बग्गा एवं शरद मराठा सहित उपस्थित एवं कर्मचारियों ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की।

17 वर्ष की राष्ट्रसेवा के बाद गांव लौटे सेना के जवान योगेश साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

भारतीय सेना में थल सेना के जनरल ड्यूटी पद पर रहते हुए सत्रह वर्षों तक राष्ट्र की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त होकर अपने गांव लौटे ग्राम कठिया नंबर एक निवासी योगेश कुमार साहू का ग्रामवासियों ने गौरव और सम्मान के साथ भव्य स्वागत किया। उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में पूरा गांव देशभक्ति के रंग में नजर आया। तिगड्डा चौक से रामायण चौक तक निकले स्वागत जुलूस में गाजे-बाजे के साथ ग्रामवासी शामिल हुए, वहीं विभिन्न चौक-चौराहों पर आतिशबाजी कर उनका अभिनंदन किया गया। अतिथियों के रूप में शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा एवं वरिष्ठ पत्रकार रोहित कुमार वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने योगेश कुमार साहू का सम्मान करते हुए उनकी गौरवपूर्ण राष्ट्रसेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सेना में सत्रह वर्षों तक कठिन परिस्थितियों में रहकर देश की सुरक्षा और सेवा करना अत्यंत गौरव की बात है। योगेश साहू ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण से न केवल भारतीय सेना का मान बढ़ाया, बल्कि अपने गांव कठिया नंबर एक का गौरव भी बढ़ाया है। उनके गांव वापसी के अवसर पर आयोजित यह सम्मान समारोह ग्रामवासियों के लिए भावुक और गौरवपूर्ण क्षण रहा तथा युवाओं के लिए राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देने वाला संदेश भी बन गया।

भारत माता के जयघोष से गूंजा गांव, ग्रामीणों ने किया स्वागत



पुष्पवर्षा व जयघोष से भव्य स्वागत

जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा एवं जयघोष के साथ देश की सेवा कर लौटे अपने गांव के सपूत का स्वागत किया। जुलूस के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा वातावरण गूंजता रहा। योगेश कुमार साहू ने रास्ते में स्थित मंदिरों में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और इसके बाद सम्मान समारोह स्थल पहुंचे, जहां मंच पर उनका विशेष सम्मान किया गया। समारोह में संकट मोचन परिवार के अध्यक्ष डोमार वर्मा, वरिष्ठ शिक्षक तुलसी राम वर्मा, सदस्य तिलक राम वर्मा, डॉक्टर हरीश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

तिल्दा-नेवरा में तेजी से खड़ी हो रहीं ऊदीवारें

छुट्टियों का फायदा उठाकर सरकारी जमीन पर कब्जे की मची होड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

लगातार तीन दिनों की छुट्टी के दौरान तिल्दा-नेवरा शहर और आसपास सरकारी जमीनों पर कथित अतिक्रमण और तेजी से निर्माण किए जाने के मामले सामने आए हैं। कहीं दुकानें बनाने के लिए नींव तैयार की जा रही है तो कहीं ऊंची दीवारें खड़ी की जा रही हैं। शिकायत मिलने के बाद मंगलवार को छुट्टी के बावजूद तहसीलदार बघेल राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण के मामलों में कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

सबसे चर्चित मामला अग्रसेन चौक के पास सामने आया है। यहां करोड़ों रुपये मूल्य की बताई जा रही सरकारी जमीन पर एक महिला के माध्यम से कथित कब्जा किए जाने का आरोप है। स्थानीय लोगों के मुताबिक महज दो दिनों में मौके पर करीब सात फीट ऊंची दीवार खड़ी कर दी गई। निर्माण कार्य में एक साथ कई मिस्त्रियों को लगाए जाने से छुट्टी के दौरान ही तेजी से निर्माण पूरा करने का प्रयास किए जाने की बात कही जा रही है। मामले की जानकारी मिलने के बाद कुछ स्थानीय लोगों ने तहसीलदार तिल्दा-नेवरा से शिकायत की। प्रारंभिक तौर पर छुट्टी होने के कारण कार्य दिवस में मौके का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही गई थी। हालांकि बाद में तहसीलदार बघेल मंगलवार को ही राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंच गए।





तहसीलदार बोले- अतिक्रमणकारी कितना भी बड़ा हो, कार्रवाई होगी

मौके का निरीक्षण करने के बाद तहसीलदार आरपी बघेल ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि सरकारी छुट्टियों के दौरान तेजी से अतिक्रमण किए जाने की जानकारी मिली है। इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के सीईओ से भी चर्चा कर संयुक्त रूप से कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार ने स्पष्ट कहा कि अतिक्रमण करने वाला व्यक्ति कितना भी बड़ा क्यों न हो, नियमों के तहत कार्रवाई जरूर की जाएगी।

भाजपा कार्यालय के पास भी नींव खड़ी करने का आरोप

स्थानीय लोगों के अनुसार भाजपा कार्यालय के पास स्थित जमीन पर भी कथित रूप से कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। यहां भी दो दिनों के भीतर निर्माण की नींव खड़ी किए जाने की बात सामने आई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो सरकारी जमीन पर स्थायी निर्माण खड़ा हो जाएगा और बाद में उसे हटाना प्रशासन के लिए चुनौती बन सकता है।

जमीन की कीमत हजारों रुपए प्रति वर्गफीट होने का दावा

स्थानीय लोगों के मुताबिक अग्रसेन चौक के पास जिस जमीन पर निर्माण किया जा रहा है, वहां करीब 20 दुकानों के निर्माण की संभावना है। इस इलाके में जमीन की कीमत करीब 8 से 10 हजार रुपए प्रति वर्गफीट तक होने का दावा भी किया जा रहा है। हालांकि जमीन का वास्तविक बाजार मूल्य और उसका शासकीय रिकॉर्ड राजस्व विभाग की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ अतिक्रमणकारियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। क्षेत्र के एक विपक्षी दल के नेता ने प्रशासन पर दोहरे रवैये का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सरकारी जमीन पर गरीब व्यक्ति द्वारा झोपड़ी बनाए जाने पर तत्काल कार्रवाई कर दी जाती है, लेकिन प्रभावशाली लोगों द्वारा किए जा रहे कथित अतिक्रमण के मामलों में कार्रवाई में देरी की जाती है।

आशीर्वाद का दीया अभियान को लेकर उत्साह, घर-घर दीया जलाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा



सेवा, समर्पण, सुशासन और जनभागीदारी की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 17 सितंबर को आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम लोगों में भी उत्साह नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और उनकी 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा को समर्पित इस अभियान को जिलेभर में व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण के मंत्री आशीर्वाद का दीया अभियान जिला सह प्रभारी विकास कोटवानी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल दीप जलाना नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों के आशीर्वाद, शुभकामना और जनभागीदारी की भावना को एक साथ जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि गांव से लेकर शहर तक भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता लगातार लोगों से संपर्क कर रहे हैं और इस आयोजन को जन-अभियान का स्वरूप देने में जुटे हैं। कोटवानी ने कहा कि कल 17 सितंबर को हर घर में एक दीया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना के साथ जलाया जाए, यही इस अभियान का मूल भाव है। उन्होंने बताया कि वे आरंग, मंदिर हसौद, खरोरा, धरसीवा और तिल्दा सहित रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का दौरा कर चुके हैं। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम लोगों से संपर्क कर उन्हें अभियान में सहभागी बनने का आग्रह किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि लोगों की प्रतिक्रिया उत्साहजनक है। कई लोग स्वयं आगे आकर प्रधानमंत्री मोदी के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन किसी एक व्यक्ति या संगठन तक सीमित नहीं है, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से सेवा और सुशासन की भावना को मजबूत करने का अवसर है।

महिला एवं बाल विकास विभाग ने तैयार की कार्ययोजना, 17 से सेवा संकल्प अभियान

बिलाईगढ़। जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान को ग्राम स्तर तक पहुंचाने महिला एवं बाल विकास विभाग ने कार्ययोजना तैयार की है। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देश पर 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक 'आंगन का उत्सव' के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों और वार्डों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान के शुभारंभ पर 17 सितंबर की शाम 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्वलित किया जाएगा। इसमें महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा ए गी । कार्यक्रम के तहत 25 सितंबर को 'हर घर मुनगा', 26 को आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ-सफाई, 27 को पालक सम्मेलन, 28 को न्योता भोज और 29 सितंबर को स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता एवं टीकाकरण होगा। 30 सितंबर को माताओं से शिशु पालन पर संवाद किया जाएगा।



अक्टूबर में बाल मेला, चित्रकला प्रतियोगिता, किशोरी पोषण संवाद, पोषण वाटिका, पोषण जागरूकता कार्यक्रम, ईसीसीई दिवस, एनीमिया जांच शिविर तथा सास-बहू सम्मेलन आयोजित होंगे। अभियान के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ाने और शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया है।

गवाही देने से नाराज होकर पिता पुत्र ने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गवाही देने से नाराज पिता-पुत्र ने ग्राम पेंड्रावन में एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। थाना सांकरा अंतर्गत ग्राम पेंड्रावन निवासी सुशील डडसेना पिता कुबेर डडसेना, (36 वर्ष) ने एसडीओ पिथौरा के समक्ष प्रस्तुत शिकायत में बताया कि गांव के रसपाल सिदार द्वारा सामाजिक बहिष्कार तथा जुर्माने की राशि मांगने संबंधी शिकायत की गई थी। इस मामले में सुशील डडसेना ने गवाह के रूप में अपना बयान दिया था। इसी बात से नाराज होकर धनुर्जय नेटी पिता कार्तिकराम नेटी 6 सितंबर को सुशील के घर पहुंचकर रसपाल सिदार की ओर से गवाही देने पर नाराजगी जताई और गाली-गलौज करते हुए हाथ, लात और डंडे से मारपीट की। साथ ही आरोपी पर जान से मारने और नुकसान पहुंचाने की धमकी दी।

मामले की जांच रिपोर्ट के आधार पर अनावेदक धनुर्जय नेटी व उनके पिता कार्तिक राम नेटी के विरूद्ध डराने धमकानें, जान से मारने की धमकी देने व मारपीट करने के आरोप में धारा 296, 115(2), 351(2), 324(2) एवं 3(5) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

निगरानी व गुंडा बदमाशों की कराई गई परेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ रखने, असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने तथा आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 15.09.2026 को थाना लवन में क्षेत्र के गुंडा, माफी एवं निगरानी बदमाशों को आहूत कर पुलिस द्वारा सख्त हिदायत एवं आवश्यक समझाइश दी गई। थाना लवन परिसर में उपस्थित सभी गुंडा व निगरानी बदमाशों की अनुशासन में सुधार लाने परेड कराई गई। पुलिस अधिकारियों द्वारा उनके वर्तमान चाल-चलन, आजीविका के साधनों तथा दैनिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली गई। वर्तमान में चल रहे गणेशोत्सव एवं आगामी त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस द्वारा पस्थित सभी असामाजिक तत्वों एवं बदमाशों को कड़े शब्दों में निर्देशित किया गया।



किसी भी नागरिक या समाज के किसी वर्ग को किसी प्रकार की क्षति, हानि या परेशानी न पहुंचाने की सख्त हिदायत दी गई। अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा, मारपीट, गुंडागर्दी या अन्य किसी भी प्रकार के अवैध कृत्य से दूर रहने की चेतावनी दी गई। अपराध का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने तथा सामान्य व सम्मानजनक जीवन शैली में जीवन यापन करने की सलाह दी गई। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि यदि कोई भी निगरानी या गुंडा बदमाशी त्यौहारों के दौरान शांति भंग करने या किसी भी प्रकार के अपराध में लिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध जिला बदर एवं कड़े कानूनी प्रावधानों के तहत कठोरतम दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

पेज 9 के शेष

बुनियादी सुविधाओं की ...

से शौचालय बनाया जाय उनके द्वारा अपनी इस मांग को लेकर 20 वर्षों से रेल्वे के स्थानीय व उच्च अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं लेकिन उन्हे हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है उनकी मांगो को पूरा नहीं किया जा रहा है।

गणेश पर्व में ...

आगामी त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं और किसी भी प्रकार के विवाद, हुड़दंग अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधि से दूर रहें।

अवैध गतिविधियों पर...

में सामान चोरी करने वाले संदिग्धों की पहचान करना तथा असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करना था। पुलिस के मुताबिक तलाशी के दौरान किसी भी स्थान से संदिग्ध अथवा अवैध सामग्री बरामद नहीं हुई। अचानक हुई पुलिस कार्रवाई से क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति रही। पुलिस ने कहा कि शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के आकस्मिक चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेंगे। पुलिस ने नागरिकों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल नजदीकी थाने या दृष्टि हेल्पलाइन 94792 20392 पर देने की अपील की है।

चाकू लहराकर राहगीरों ...

रायपुर तथा गणेश ध्रुव (19) पिता गौकरण ध्रुव, निवासी वार्ड क्रमांक 14 केवतरा, थाना खरोरा, जिला रायपुर को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इनमें गणेश ध्रुव के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गणेश पर्व के दौरान सार्वजनिक शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार पेट्रोलिंग एवं संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर धारदार हथियार लेकर घूमने, लोगों में भय पैदा करने अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

चैंबर ने व्यापारियों...

सिक्के वितरित किए। इससे रोजमर्रा के लेन-देन में खुले पैसों को लेकर होने वाली परेशानी कम होने की उम्मीद है। चिल्लर वितरण से छोटे व्यापारियों और सब्जी विक्रेताओं में भी खुशी का माहौल रहा। सब्जी विक्रेता हीरामणि ने इसे अच्छी पहल बताते हुए चैंबर का आभार जताया। वहीं सब्जी व्यापारी जयसवाल ने कहा कि चिल्लर की कमी के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा था।

समय-समय पर ऐसी व्यवस्था होने से छोटे व्यापारियों को काफी सुविधा मिलेगी। चैंबर ऑफ कॉमर्स के बलौदा बाजार इकाई अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करना चैंबर की प्राथमिकता है। बाजार में चिल्लर की उपलब्धता बनाए रखने के लिए स्टेट बैंक के सहयोग से यह पहल की गई है। इससे व्यापारिक लेन-देन सुचारु होगा और ग्राहकों को भी खुले पैसों के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। चिल्लर वितरण के दौरान अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, शिव प्रसाद तिवारी, कालू धीवर, दिलीप माहेश्वरी, संजय नारायण केसरवानी सहित चैंबर के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

छह वार्डों के ...

पार्षदों ने भेदभाव का आरोप लगाते हुए पूर्व में 16 सितंबर को शांतिपूर्ण भूख हड़ताल की घोषणा की थी। पार्षदों की मांग थी कि नगर पालिका के सभी 21 वार्डों में समान एवं पारदर्शी तरीके से विकास कार्यों को स्वीकृति दी जाए।



खबर संक्षेप

घूम-घूमकर शराब बेचते धरा गया युवक

रायपुर। टिकरापारा थाने की पुलिस ने एक युवक को घूम-घूमकर शराब बेचते गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 84 पौवा शराब जब्त की है। शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने संतोषीनगर निवासी शेख दानिश को गिरफ्तार किया है। आरोपी संतोषीनगर, टिकरापारा तथा आसपास के क्षेत्र में थैले में शराब रख बेच रहा था।

माधोपाली में एक व्यक्ति के साथ मारपीट

महासमुंद। ग्राम माधोपाली में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। माधोपाली कुटेला निवासी गोपीकिशन बरिहा 14 सितंबर रात अपने दोस्त संदीप यादव के साथ मोटर सायकल से सरायपाली से वापस अपने घर ग्राम माधोपाली जा रहे था। रात करीबन रात 9 बजे डीपापारा रोड किनारे ग्राम माधोपाली में कन्हैया दास मानिकपुरी और हेमशंकर मानिकपुरी दोनों रोड में वाद विवाद कर रहे थे। जिनसे उसने जाने के लिए रास्ते मांगा, इस पर हेमशंकर मानिकपुरी एवं कन्हैया दास मानिकपुरी गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

निधन

सत्यारानी सचदेव

भाटापारा। सत्यारानी सचदेव



धर्मपत्नी स्व. श्री कृष्ण लाल सचदेव का 15 सितम्बर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 सितम्बर बुधवार को सुबह 10 बजे निवास स्थान सचदेव सायकल स्टोर से रामसागरपारा हिन्दू मुक्तिधाम जायेगी। वे देवेंद्र (मिक्कु) सचदेव, जितेंद्र (जित्तु) सचदेव की माता जी थी।

ओम प्रकाश ठाकुर

बलौदाबाजार। वरिष्ठ कांग्रेस नेता



स्व. बाबूलाल ठाकुर के पुत्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश ठाकुर का 15 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में किया गया। जिसमें नगर के गणमान्य नागिरक शामिल हुए। वे नारायण ठाकुर, भरत ठाकुर, नीरज ठाकुर एवं उमेश ठाकुर के पिता थे।

भोला प्रसाद श्रीवास्तव

बलौदाबाजार। पूर्व शिक्षक एवं



मानस मंडल संस्था से जुड़े रहे भोला प्रसाद श्रीवास्तव 86 वर्ष का 15 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी में गंगा नदी के मणिकर्णिका घाट पर किया जाएगा। वे सेवानिवृत्ति के बाद वे मानस मंडल संस्था से जुड़ गए और धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे। उनका पैतृक निवास ग्राम खैरा दतान था, जबकि वे वर्तमान में बलौदाबाजार के सिविल लाइन क्षेत्र के निवासी थे। वे पत्रकार निशांत श्रीवास्तव के पिता थे।

पर्व : हरतालिका तीज पर शिव-पार्वती की पूजा, सोलह श्रृंगार कर मांगा अखंड सौभाग्य

पिया की लंबी उम्र की कामना में 24 घंटे निर्जला रहीं तीजहारिनें, फूलरा में सजी शिव-पार्वती की भक्ति





हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

छत्तीसगढ़ की माटी में रची-बसी तीज की परंपरा एक बार फिर ग्राम भरुवाडीह कला में महिलाओं की अटूट आस्था, प्रेम और समर्पण का भाव लेकर सामने आई। तीजहारिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर पूरे 24 घंटे निर्जला व्रत रखा। तेज धूप हो या प्यास की बेचैनी, तीजहारिनों के संकल्प के आगे हर कठिनाई छोटी नजर आई। व्रत की पूर्व रात्रि महिलाओं ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक रीति के अनुसार फूलरा सजाकर उसमें भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की तथा तीज की धार्मिक परंपराओं का श्रद्धापूर्वक निर्वहन किया। रातभर भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा।

अगले दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं भगवान शिव-पार्वती का स्मरण करने के बाद महिलाओं ने अपना निर्जला व्रत तोड़ा। ग्राम की तीजहारिन महिलाएं सुनीता, गायत्री, योगेश्वरी आदि ने बताया कि तीज केवल एक व्रत नहीं, बल्कि महिलाओं की आस्था, प्रेम और पारिवारिक संस्कारों से जुड़ी महत्वपूर्ण परंपरा है। वहीं ग्राम की उर्मिला वर्मा ने भावुक होकर बताया कि वह लगभग 30 वर्षों से तीज का निर्जला व्रत करती आ रही हैं। उन्होंने कहा कि व्रत के दौरान कितनी भी प्यास क्यों न लगे, लेकिन मन में भगवान शिव-पार्वती के प्रति आस्था और अपने परिवार के मंगल की भावना इतनी प्रबल रहती है कि पानी पीने का विचार भी नहीं आता। छत्तीसगढ़ में तीजहारिनों का यह तप और समर्पण इस बात की मिसाल है कि यहां की लोक परंपरा केवल त्योहार नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चले आ रहे संस्कार और भावनाओं की जीवंत धरोहर हैं। भरुवाडीह कला में तीजहारिन महिलाओं की भक्ति ने पूरे गांव को शिव-पार्वती की आराधना और छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग में रंगा दिया।

निर्जला उपवास रख तीजहारिनों ने की पति की दीर्घायु की कामना

खरोरा। हरतालिका तीज का पर्व सोमवार को खरोरा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर भगवान शिव, माता पार्वती और गणेशजी की पूजा-अर्चना की तथा पति की दीर्घायु, सुख-शांति और परिवार की समृद्धि की कामना की। कुंवारी युवतियों ने भी मनोकूल वर की कामना से व्रत रखा। तीजा पर्व की शुरुआत एक दिन पूर्व करू भात से हुई। तीजहारिनों ने मायके और रिश्तेदारों के घर जाकर करेले की सब्जी सहित पारंपरिक भोजन ग्रहण किया। इसके बाद निर्जला व्रत प्रारंभ किया। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर मिट्टी से भगवान शिव और माता गौरा की प्रतिमाएं बनाईं तथा फूलों से फुलेरा सजाकर विधि-विधान से पूजा की। हरतालिका व्रत की कथा सुनने के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर सारिका वर्मा, कंचन वर्मा, आशा वर्मा, ब्रह्मकुमारी वर्मा, यामिनी वर्मा और मेनका वर्मा सहित अन्य महिलाओं ने व्रत रखा। उन्होंने बताया कि हरतालिका तीज महिलाओं के प्रमुख व्रतों में से एक है, जिसे वे वर्षों से श्रद्धा के साथ करती आ रही हैं। पर्व पर पारंपरिक व्यंजन भी बनाए गए।



शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की

भटगांव। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा का प्रमुख पर्व हरितालिका तीजा नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर निर्जला व्रत रखा और भगवान शिव तथा माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। कुंवारी युवतियों ने भी मनोकूल वर की प्राप्ति के लिए व्रत रखा। नगर के प्रमुख शिव मंदिरों, राधा-कृष्ण मंदिर और शीतला चौक सहित विभिन्न स्थानों पर सुबह से महिलाओं की भीड़ रही। मंदिरों में शिव-पार्वती की विशेष पूजा के साथ हरितालिका व्रत कथा का श्रवण किया गया। महिलाओं ने फुलेरा सजाकर सामूहिक पूजा, भजन-कीर्तन और जागरण किया। तीजा पर्व पर ससुराल से मायके पहुंची बेटियों से घर-परिवार गुलजार रहे। माताओं ने ठेठरी, खुरमी, देहरौरी, अईरसा और गुलगुला भजिया सहित पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाए। महिलाओं ने सुआ गीत और लोकगीत गाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। बाजार में चूड़ी, साड़ी, मेहंदी और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर रौनक रही। कई मोहल्लों में रातभर भजन-कीर्तन हुए। बुजुर्ग महिलाओं ने नई पीढ़ी को तीजा की परंपरा और सांस्कृतिक महत्व की विस्तृत जानकारी भी दी।



कठिया नंबर 1 में तीजा-पोला महोत्सव की धूम, महिलाओं ने उत्साह से लिया स्पर्धा में हिस्सा

खरोरा। छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति और परंपराओं में पोला पर्व का विशेष महत्व है। ग्राम कठिया नंबर 1 में तीजा-पोला पर्व मनाने की वर्षों पुरानी परंपरा आज भी कायम है। इसी कड़ी में संकट मोचन परिवार के तत्वावधान में तीजा-पोला महोत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस पारंपरिक उत्सव में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पूरा गांव लोक संस्कृति और उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। महोत्सव के दौरान महिलाओं के लिए मटका फोड़, कुर्सी दौड़, कंचा डाल, धागा खींच, चम्मच दौड़, फुग्गा फोड़ तथा सामूहिक बोतल खिसकाओ सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निर्जला उपवास के बावजूद महिलाओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ





प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं को देखने के लिए ग्रामीणों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मटका फोड़ प्रतियोगिता में यामिनी वर्मा प्रथम और पार्वती वर्मा द्वितीय रहीं। कुर्सी दौड़ में डागेश्वरी प्रथम तथा अन्नपूर्णा वर्मा द्वितीय रहीं। कंचा डाल प्रतियोगिता में चमेली प्रथम और दीपिका द्वितीय रहीं। धागा खींच प्रतियोगिता में डागेश्वरी वर्मा प्रथम तथा भुनेश्वरी वर्मा द्वितीय रहीं। चम्मच दौड़ में मोनिका शर्मा प्रथम और बुधयारिन साहू द्वितीय रहीं। फुग्गा फोड़ में आशा वर्मा प्रथम तथा अन्नपूर्णा वर्मा द्वितीय रहीं। वहीं सामूहिक बोतल खिसकाओ प्रतियोगिता में ऊगेश्वरी ग्रुप प्रथम तथा पुनेश्वरी ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहा। सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों के लिए विशेष पुरस्कारों की व्यवस्था की गई थी, जिससे महिलाओं का उत्साह और बढ़ा। संकट मोचन परिवार के अध्यक्ष डोमार वर्मा ने बताया कि यह आयोजन लगातार चार वर्षों से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार द्वारा गांव में वृक्षारोपण, जाली घेरा, शादी-विवाह, दशगात्र सहित विभिन्न सामाजिक अवसरों पर भी आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है।

संस्कृति और भाईचारे को मिलती है मजबूती

कार्यक्रम में संकट मोचन परिवार के सदस्य डॉ. हरीश वर्मा, तिलक राम बघेल, शिक्षक तुलसीराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। अतिथियों के रूप में शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा एवं रोहित कुमार वर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. हरीश वर्मा ने कहा कि तीजा पर्व के अवसर पर मायके आई बेटियों और महिलाओं ने पारंपरिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को यादगार बना दिया। ऐसे आयोजन गांव की संस्कृति और परंपराओं को सशक्त बनाने के साथ ही आपसी सहयोग, प्रेम और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में संकट मोचन परिवार के सदस्य तिलक राम बघेल ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

खरोरा में विधि-विधान से विराजे विघ्नहर्ता गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

खरोरा। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर शहरों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी भगवान श्री गणेश की भक्ति और आस्था का उत्साह देखने को मिल रहा है। खरोरा में भी श्रद्धालुओं द्वारा विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विधि-विधानपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित की गई। गणपति बप्पा की स्थापना को लेकर गांव में सुबह से ही उत्साह का माहौल बना रहा। भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को श्रद्धालु एवं युवाओं द्वारा पूरे श्रद्धा भाव के साथ पूजा स्थल तक लाया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों एवं डीजे की धुन पर गणपति बप्पा के जयकारे लगाए गए। भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं ने मंगलमूर्ति का स्वागत करते हुए विधिवत पूजा अर्चना की। स्थापना के दौरान मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बच्चों में दिखा विशेष उत्साह गणेश



उत्सव को लेकर गांव के बच्चों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चे सुबह से ही गणेश प्रतिमा की स्थापना एवं पूजा की तैयारियों में जुटे रहे। बच्चों में भगवान श्री गणेश के प्रति आस्था के साथ-साथ उत्सव को लेकर खासा उमंग देखने को मिला। गणेश का स्वागत भारतीय परंपरा और उत्सव केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर भी है। ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा और धार्मिक मूल्यों से जुड़ने का अवसर मिलता है। ग्रामीणों ने गणपति बप्पा से गांव एवं क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की।

बगबुड़ा व खम्हरिया में विराजे गणपति

बगबुड़ा। ग्रामीण अंचलों एवं नगर सहित बगबुड़ा, खम्हरिया में उत्सव समिति लवन द्वारा सोमवार, 14 सितंबर 2026 को विधि-विधान एवं भक्तिमय



माहौल के बीच भगवान श्री गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई। गणेश प्रतिमा स्थापना के दौरान समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पूजा-अर्चना और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। गणेश उत्सव को लेकर वार्डवासियों में भी उत्साह बना हुआ है। समिति द्वारा आगामी दिनों में भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुकेश कुर्रे, दवेश कुर्रे, राजेश डहरिया, महेश कुर्रे, अशोक कुर्रे, कृष्णा कुर्रे, पुनेशवर डहरिया, अनिल कुर्रे, धनुजय, पंकज, युवराज, सुरज, चन्द्रप्रकाश, कैलाश, उमेश, नानेश्वर, समीर, आकाश, अखिल, दिपेश, प्रवीण, राज व समस्त वार्डवासी बड़ी संख्या

शिव-पार्वती की पूजा कर सुनी कथा



पलारी। पलारी नगर सहित समूचे अँचल में हरितालिका तीज पर्व के अवसर पर महिलाओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ उपवास रखा। इस दौरान महिलाओं ने भगवान शिव एवं माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। पूजा के पश्चात महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती से जुड़ी तीज व्रत की कथा भी श्रद्धापूर्वक सुनी। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कर माता पार्वती से अखंड सौभाग्य एवं सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद मांगा। तीजा पर्व को लेकर क्षेत्र में महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक परिधान और श्रृंगार में सजी महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। पूजा स्थलों पर दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा।

ग्राम चरौदा में तीजा-पोरा पर सजी जस झांकी की महफिल

पलारी। तीजा-पोरा त्यौहार पर हुआ जस झांकी का आयोजन ग्राम चरौदा में सोमवार को तीजा - पोरा त्यौहार के अवसर पर रात्री में जस झांकी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव सरपंच प्रतिनिधि लोकनाथ जयसवाल, जनपद प्रतिनिधि चरण दास कोसले, उपसरपंच मिथलेश जयसवाल, ग्राम प्रमुख बृज लाल साहू, सीता राम साहू, नन्द लाल जायसवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे शामिल हुए।



जल संरक्षण का संदेश लेकर पलारी से रवाना हुए भाजयुमो महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा जी के नेतृत्व में जल जनसेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित जल जन सेवा समर्पण यात्रा के लिए पलारी भाजयुमो मंडल महामंत्री योगेश योगी वर्मा को यात्रा के लिए रवाना किया गया। 17 सितंबर 2026 से 7 अक्टूबर तक आयोजित यह यात्रा वडनगर से वाराणसी तक जाएगी यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता एवं जनसेवा के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा यशवर्धन मोनू वर्मा, पूर्व प्रदेश किसान मोर्चा महामंत्री ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जिला



उपाध्यक्ष नन्द वर्मा, मंडल महामंत्री संतोष वर्मा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष प्रमोद देवांगन, भाजयुमो महामंत्री रवि श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी मनीष दुबे, सह मीडिया प्रभारी ओमेश वर्मा एवं भाजयुमो कार्यकर्ता साकेत वर्मा, अजय वर्मा, संदीप देवांगन, दुर्गेश सेन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने योगेश योगी वर्मा को सफल एवं मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया।

